>

Title : Need to augment irrigation facilities and set up an Agricultural Research Centre in Giridih district of Jharkhand.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह): झारखंड राज्य का गिरिडीह जिला माइका इंडस्ट्रीज और विभिन्न औद्योगिक गतिविधियों सहित जैन तीर्थ स्थल एवं पर्यटक स्थल के रूप में प्रसिद्ध है, परन्तु कृषि के क्षेत्र में यह एक पिछड़ा जिला है। जिले में सिंचाई के साधन पर्याप्त नहीं है। कृषि वैज्ञानिकों की तैनाती नगण्य है और आज तक यहां कृषि अनुसंधान केन्द्र की स्थापना नहीं की गई है। किसान क्रेडिट कार्ड से धनबाद, बोकारो एवं गिरिडीह के हजारों किसान वंचित है। इन जिलों में कई सिंचाई परियोजनाएं लंबित हैं और नए सिंचाई परियोजनाओं को शुरू करने की आवश्यकता है। आज केन्द्र सरकार के लिए कार्यों को गति देने के लिए उपयुक्त समय है क्योंकि राज्य में राष्ट्रपति शासन है।

अतः केन्द्र सरकार गिरिडीह जिले में कृषि अनुसंधान केन्द्र खोलने, प्रत्येक किसान को क्रेडिट कार्ड की सुविधा उपलब्ध कराने, नई सिंचाई परियोजनाओं को शुरू करने एवं लंबित सिंचाई परियोजनाओं का कार्य निर्धारित समय सीमा के अंदर कराने हेतु शीघ्र आवश्यक व्यवस्था करने का कष्ट करें।